<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 12.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा–युवा अब राष्ट्र निर्माण में निभा रहे हैं अहम भूमिका।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची में आयोजित रोजगार मेला में हुए शामिल, युवाओं से कहा– प्रधानमंत्री के हाथों मिला यह नियुक्ति पत्र आपके जीवन में धरोहर के रुप में रहेगा।
- सहारा समूह ने धनबाद और बोकारो समेत कई शहरों में फर्जी तरीके से बेची अपनी अचल संपत्तियां, सेबी में भी नहीं जमा कराई गई रकम, सीआईडी जांच में हुआ बड़ा खुलासा।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले में उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, पांच बंकर किए ध्वस्त, दो आईईडी समेत कई विस्फोटक भी बरामद।
- भारतीय तीरंदाजी संघ तीरंदाजों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के साथ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए चैंप्स स्पोर्टस स्कॉलरशिप की करेगा शुरूआत।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में उत्प्रेरक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मानती है कि भारत की दो असीम शक्तियाँ हैं, एक उसकी जनसांख्यिकी और दूसरी उसका लोकतंत्र। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थे।

श्री मोदी ने कहा कि ये युवा अब राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने देश में विकसित हो रहे स्टार्टअप, नवाचार और अनुसंधान के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र का भी उल्लेख किया, जो देश के युवाओं की क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में, देश भर में 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में लाया गया है, जिसकी प्रशंसा आज विश्व बैंक जैसी प्रमुख वैश्विक संस्थाएं कर रही हैं।

*********************

रांची में सीसीएल के दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेला में एक सौ बहत्तर युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, विधायक सुरेश बैठा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको प्रधानमंत्री के हाथों मिला यह नियुक्ति पत्र आपके जीवन के लिए हमेशा एक धरोहर के रुप में रहेगा।

*********************

सहारा समूह द्वारा धनबाद और बोकारो समेत कई शहरों में अपनी सैकड़ों एकड़ जमीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से फर्जी व्यक्तियों को सेबी द्वारा आकलित मूल्य से काफी कम दर पर बेचे जाने का खुलासा सीआईडी जांच में हुआ है। वहीं, अचल संपत्तियों को बेचे जाने के बाद अर्जित राशि भी सेबी में जमा नहीं की है। इस मामले में सीआईडी ने सहारा समूह के निदेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा पुलिस महानिदेशक से की है।

*********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा कि राज्य के अधिकार और हिस्सेदारी को लेकर केंद्र सरकार को चार माह का वक्त दिया है। अगर इस अवधि में राज्य की मांगें पूरी नहीं होती है तो पार्टी आंदोलन करेगी।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी 22 जुलाई को एक सौ छब्बीस नए विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी और 91 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है । इसी कड़ी में नए चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

********************

राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया को नियंत्रित करने के लिए बोकारो, गढ़वा, सरायकेला–खरसावां, गुमला, खूंटी और लोहरदगा में निगरानी और विशेष जांच केंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए यहां सेंटिनल साइट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां इन बीमारियों की निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा होगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

देवघर में राजकीय श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा के साथ बेहतर सुविधा तथा सेवा देने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने इस सिलसिले में अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र में लगाए गए तमाम शिविरों, पर्यटन केंद्रों, स्वास्थ्य सेवाओं, साफ–सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया।

********************

पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में आम लोग भी बढ़–चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

********************

रिम्स, रांची के एमबीबीएस अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने लंबित रिजल्ट को लेकर रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा रिजल्ट प्रशासन में विलंब करने की वजह से वे इस बार नीट की पीजी प्रवेश परीक्षा में शामिल नही हो पाएंगे।वहीं, रिम्स की चिकित्सा सेवा भी प्रभावित हो रही है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिली है । सुरक्षा बलों ने छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली– पहाड़ी इलाके में भाकपा माओवादियों के पांच बंकरों को ध्वस्त करने के साथ दो आईईडी बम को भी बरामद कर डिफयूज कर दिया । इस दौरान कई डेटोनेटर और वॉकी टॉकी सेट सहित अन्य सामान भी बरामद किए हैं।

********************

भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा है कि तीरंदाजों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए चैंप्स स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके लिए भारतीय तीरंदाजी संघ और एमिटी विश्वविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने कहा कि यह सीनियर, जूनियर और पैरा तीरंदाजों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

********************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में चल रही 15 वीं हॉकी इंडिया सब जुनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दोनों सेमीफाइनल आज खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में हरियाणा का मुकाबला ओडिशा से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान झारखंड और मणिपुर की टीम आमने सामने होगी। क्वार्टरफाइनल में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश, ओडिशा ने बिहार, मणिपुर ने पंजाब और मेजबान झारखंड ने मध्य प्रदेश को पराजित किया था।

********************